हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि

5

जबलपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

login : www.haribhoomi.com

पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

**खबर संक्षेप**

## खुशी लोनारे का नवोदय के लिए हुआ चयन

**सौंसर।** लगातार चार वर्षों से एंजल पब्लिक स्कुल रामाकोना के छात्रो का नवोदय विद्यालय सिगोडी के लिए चयन हो रहा है। इस वर्ष भी खुशी सुनिल लोनारे (कक्षा 5 वी) का चयन हुआ है। संस्था संचाली का श्रीमती रजनी जितेंद्र ठाकुर ने बताया कीग्राम रामाकोना के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि संस्था एंजल पब्लिक स्कूल रामाकोना जहा से प्रत्येक वर्ष भी छात्रो का नवोदय विद्यालय के लिए चयन होता आ रहा है। इसी क्रम मे वर्ष 2024-25 में भी छात्रा खुशी सुनिल लोनारे का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है, संस्था की ओर से छात्रा के पालको को बधाई दी गई एवं साथ हि संस्था के सभी शिक्षको एवं शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया गया। क्युकि संस्था के शिक्षको कि मेहनत एवं शिक्षा के प्रति इमानदारी के कारण हि संस्था का प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट परिक्षा परिणाम प्राप्त होता है।



## दो दिवसीय होगा महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** तीर्थंकर महावीर भगवान का 2624 वां मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव चैत्र वदी नवमी 10 अप्रैल के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।श्री वीर प्रभु के मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव को लेकर छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित संत निवास में सकल जैन समाज के विविध घटकों सहित युवा संगठनों एवं पाठशाला की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में जिनशासन सेवक सम्मिलित हुए और सभी ने 9 एवं 10 अप्रैल को विविध अनुष्ठानों के साथ उत्साह एवं उमंग पूर्वक 2624 वां जन्मकल्याणक महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से श्री विशाल जैन को 2624 वें जन्मकल्याणक महोत्सव का संयोजक एवं श्री राजेंद्र पाटोदी को अध्यक्ष बनाया गया।

### दर्जनों स्टॉल पर किताब-यूनिफॉर्म समेत सभी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध, कलेक्टर ने किया पुस्तक मेले का शुभारंभ

# पुस्तक मेले में 5% डिस्काउंट के साथ मिल रही बड़े स्कूलों की किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गुरूवार को महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में 3 दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का शुभारंभ किया। यह पुस्तक एवं गणवेश मेला छिंदवाड़ा में निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित किया गया है। पुस्तक मेले के शुभारंभ के अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, एसडीएम सुधीर जैन, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल, सहायक संचालक डी.पी.डेहरिया एवं पी.एल. मेश्राम व शिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के प्रचार संचालक, पत्रकारगण, विक्रेता गण, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। पुस्तक मेले के शुभारंभ के अवसर पर छिंदवाड़ा, परासिया, जुन्नारदेव एवं तामिया के दुकानदारों की पुस्तक की दुकान एमएलबी स्कूल में लगाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न दुकान संचालकों द्वारा विभिन्न कक्षों में लगाए गए स्टॉल्स के कक्षों में पहुंचकर रिबन काटकर पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दुकानदारों को रियायती दरों पर छूट प्रदान करने के लिये निर्देशित किया गया है। परंतु कलेक्टर के आदेश के बाद भी शहर की बड़े स्कूलों की किताबों में केवल पांच प्रतिशत का डिस्काउंट मिल रहा है। अभिभावकों को निराशा ही हाथ लगी है।

### शुभम स्टेशनर्स दे रहा पांच प्रतिशत का डिस्काउंट

शहर के अधिकांश बड़े स्कूलों की किताबों की बिक्री में मोनोपल्ली चलती है। शुभम स्टेशनर्स में ही बड़े स्कूलों की किताबें बिकती है और शिक्षा माफिया को यहां से बड़ा कमीशन मिलता है। अभिभावकों को इस कमीशन के जाल से मुक्ति मिले इसलिए ही मेले का आयोजन शासन द्वारा कराया गया है परंतु फर्स्ट स्टेप, विद्या भूमि, अरिहंत इंटरनेशनल, निर्मल पब्लिक स्कूल जैसे बड़े स्कूलों की किताबों में शुभम स्टेशनर्स केवल पांच प्रतिशत डिस्काउंट दे रहा है। एक बात और यह उल्लेखनीय है कि काउंटर रेग्युलर नहीं खोले जा रहे हैं। लंच ब्रेक की बात करते हुए आधा एक घंटे तक काउंटर बंद रखा जा रहा है, जबकि पांच से छह लोग शॉप में होने के बाद भी वे एक एक करके लंच कर सकते है परंतु काउंटर को बंद रखना कहीं न कहीं उनकी अनइच्छा को दर्शाता है। शुभम स्टेशनर्स और अभिभावक संघ के बीच गतवर्ष पुस्तक मेले में काफी विवाद हुआ और सुर्खियों में रहा। परंतु कोई विशेष कार्रवाई नहीं होने के कारण इस दुकान में आज भी अभिभावक ठगा हुआ सा महसूस करते हैं। कई अभिभावक बड़ी उम्मीद से इस पुस्तक मेले में आए जरूर परंतु निराशा ही हाथ लगी।

### कलेक्टर के कहने पर बॉम्बे ड्रेसेस दे रहा केवल 13 प्रतिशत की छूट गोलगंज स्थित शॉप में यूनिफार्म में जीरो प्रतिशत है डिस्काउंट

बॉम्बे ड्रेसेस वाले यूनिफार्म में केवल दस प्रतिशत का डिस्काउंट दे रहे थे। परंतु कलेक्टर साहब ने जब उनसे पूछा तो उन्होंने बताया कि वे दुकान पर दस प्रतिशत देते है और यहां पर दस प्रतिशत डिस्काउंट ही दे रहे हैं, तब कलेक्टर साहब ने कहा कि फर्क क्या रहा। इस पर बॉम्बे ड्रेसेस के संचालक ने 13 प्रतिशत डिस्काउंट देने की बात कही। कलेक्टर के कहने पर 13 प्रतिशत डिस्काउंट देने को राजी हुए और बोर्ड पर लिखा भी गया।

### परासिया स्थित खंडेलवाल स्टेशनर्स ने पुस्तक मेले में मचाई धूम

रूम नंबर दो में परासिया खंडेलवाल स्टेशनर्स ने चालीस प्रतिशत तक की स्टेशनरी में छूट दी है जिसकी वजह से उस काउंटर पर भीड़ पहुंच रही है। जब चालीस प्रतिशत तक की छूट परासिया के स्टेशनर्स दे सकते है और छिंदवाड़ा के स्टेशनर्स अभिभावकों के हित में डिस्काउंट करने को तैयार क्यों नहीं है, यह एक बेहद चिंता का विषय है। शासन की मंशा के अनुरूप अगर अभिभावकों को पर्याप्त डिस्काउंट नहीं मिल पा रहा है तो यह पुस्तक मेला शासकीय प्रदर्शन का एक हिस्सा बनकर रह जाएगा।

### इनका कहना है

पुस्तक मेले में पांच प्रतिशत का डिस्काउंट दे रहे हैं। कुछ ही स्टॉल बीस से तीस प्रतिशत की स्टेशनरी में छूट दे रहे हैं। बाहर से आने वाले अभिभावक 20 से 25 प्रतिशत की छूट का अनुमान लगाकर जिला मुख्यालय तो पहुंचे परंतु निराशा ही हाथ लगी। शिक्षा माफिया से निपटने की हर कोशिश नाकाम हो रही है।



**रोहित रॉबिन मालवी**
**अध्यक्ष अभिभावक संघ छिंदवाड़ा**

## पदार्थ सेवन से महिला की हालत बिगड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के थाना मोहखेड़ क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते अखाध्य पदार्थ का अधिक मात्रा में सेवन कर लेने से महिला का हुआ स्वास्थ्य खराब, डायल-112/100 जवानों ने उपचार हेतु जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में भर्ती करवाया। छिंदवाड़ा के थाना मोहखेड़ क्षेत्र में बांदा बोह गाँव में पारिवारिक विवाद के चलते अखाध्य पदार्थ का सेवन कर लेने से एक महिला का स्वास्थ्य खराब हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 27-03-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल मोहखेड़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक संतोष साहू एवं पायलट गीतेन्द्र पँवार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते अखाध्य पदार्थ का अधिक मात्रा में सेवन कर लेने से एक महिला का स्वास्थ्य खराब हो गया था। डायल-112/100 जवानों ने पीड़ति महिला सावित्री यादव पति बृजकिशोर यादव उम्र 30 वर्ष को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ति महिला का उपचार किया जा रहा है।

# रेत चोरी के धंधे में कांग्रेसियों को मिल रहा है भाजपाइयों का अघोषित सहयोग

**खनिज निरीक्षक पर पथराव के बाद रोक लगने के बजाय किसकी शह पर बीती रात निकले रेत के ट्रक ट्रैक्टर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



तामियातहसील के कुआं बादला, दौरिया खेड़ा, कुर्सी ढाना, कोहपानी, देलाखारी, वागई, कपूर नाला, बंजारी गुढी, प्रतापगढ़ बादला,फासी ढाना, घाटलिंगा, सालढाना,कुआं खुट्टी, शाहित वन एवं राजस्व की भूमि में बहने वाली नदियों से लगातार रेत का अवैध उत्खनन अधिकारियों की मिली भगत से होता चला आ रहा है।

अब अधिकारियों के मिले संरक्षण के चलते भाजपा एवं कांग्रेस के छुट भैया नेताओं के रेत चोरी में शामिल होने की वजह से अधिकारी भी शिकवा शिकायत से बेफिक्र है और तामिया तहसील मेंअब रेत माफिया राज कायम हो गया है। ऐसा इसलिए हो पाया कि सत्ता के मठाधीशों की शह पर अब इन रेत के वाहन पकड़े जाने की स्थिति में प्रशासनिक अमले पर जानलेवा हमला करने से भी नहीं चुक रहे हैं।

ऐसा ही बीते दो दिनों पहले तामिया क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करने पहुंची खनिज विभाग की खनिज निरीक्षक स्नेह लता ठवरे अपने दल के साथ रेत के ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए पीछा किया।

उनकी यह कार्रवाई रेत माफिया को ना गवार गुजरी और उसने खनिज निरीक्षक की बोलेरो पर हमला कर दिया और सरकारी वाहन को दुर्घटनाग्रस्त कर जान लेने की साजिश जैसे करते हुए एक बार बदमाश ने रेत से भरी ट्राली का डाला खोलकर रेत खाली करने का प्रयास किया।

इस संपूर्ण वारदात को अंजाम देकर रेत माफिया खनिज अमले पर दहशत कायम कर चकमा देकर रेत का वाहन लेकर फरार होने में कामयाब हो गया। इतना सब कुछ घटित होने के बावजूद भी आखिर किसकी शह पर यह रेत माफिया रेत चोरी करने से बाज आने को तैयार नहीं है क्योंकि बीती रात 3:40 पर आधा दर्जन ट्रैक्टर एवं कांग्रेस नेता के ट्रक थोड़े अंतराल के बाद बेखौफ रेत लेकर निकले। बीती निकले फल स्वरुप रेत माफियाओ किसकी शह पर इतने बुलंद हो गए हैं कि वह खनिज Transfer पर हमला कर वाहन छुड़ाने के बाद भी रेत चोरी के वाहन निकाल कर प्रशासनिक अमले को खुली चुनौती देते हुए उन्होंने बीती रात ईतना सब कुछ घटित होने के बाद भी प्रशासन कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। आम जनता में अब यह धारणा बन गई है कि आखिर भाजपा सरकार क्यों अपराधियों की पक्षधर बनी हुई है। बजाय खनिज निरीक्षक पर हमला करने वालों पर कार्रवाई की।

## चार जायरीन मक्का मदीना के लिए हुए रवाना



**सिंगोड़ी:** गुरुवार को सिंगोड़ी से चार जायरीन मक्का मदीना शरीफ की उमराह जियारत जाने के लिए निकले। जो लोग पवित्र रमजान शरीफ के दौरान में उमराह जाते है उन्हे खुश नसीब समझे जाते है। और इस रमजान में पूर्व में सिंगोड़ी से हाजी शमीम और इनकी पत्नी जा चुके है। वही गुरुवार को सिंगोड़ी के अब्दुल कादिर भाई और इनकी पत्नी और दो बच्चे जियारत के लिए निकले है जो पंद्रहा दिनों तक धार्मिक यात्रा पर रहेंगे। इन जायरीनों का सिंगोड़ी जामा मस्जिद के अंजुमन कमेटी सदर इलमन मिस्किनी अब्दुल समद भाई अब्दुल सलाम दादा,साजिद भाई,सफीक मिस्किनी, सिकंदर भाई, इसराइल भूरा भाई सिकंदर भाई , हैदर भाई सहित अन्य ने स्वागत सत्कार किया।

## टवेरा वाहन को किया आग के हवाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रावनवाड़ा चर्च के समीप लंबे समय से खड़ी एक टवेरा वाहन को अज्ञात के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। जिसकी शिकायत वाहन मालिक के द्वारा शिवपुरी थाना क्षेत्र में कराई गई। इस घटना से शिवपुरी पुलिस की मुस्तैदी पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। वाहन सांवला ढाना के किसी लेखराम का बताया जा रहा है। जो की गणेश उत्सव के दौरान गणेश प्रतिमा लेने के लिए रावनवाड़ा क्षेत्र में आया था, लेकिन वाहन के खराब हो जाने के बाद से वाहन मालिक के द्वारा वाहन को रावनवाड़ा में ही खड़ा कर दिया गया। जिसे बुधवार गुरुवार दरमियानी रात अज्ञात लोगों के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया है। वहीं शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ही बुधवार को एक व्यक्ति के घर में घुसकर कुछ उत्पतियों के द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई है। जिसका इलाज छिंदवाड़ा अस्पताल में जारी है। इन घटनाओं इस क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े किए हैं।

## पुन्हार के जाति प्रमाण पत्र पर अब भाजपा नेताओं ने उठाया कदम

**भाजपाईयों ने कलेक्टर से जिपं अध्यक्ष की जाति पर रखी जांच की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया/छिंदवाड़ा



जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार के जाति प्रमाण पत्र को लेकर भाजपाईयों के द्वारा कलेक्टर जांच की मांग रखी गई है। इस बाबत परासिया विधानसभा प्रभारी और सभी मंडल अध्यक्षों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन देकर प्रमाण पत्र की जांच करने की मांग रखी है।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के रहने वाले त्रिलोकी पादक, पूनालाल कुशवाहा, शिव शंकर और रामगोपाल कोरी ने जिला जिला पंचायत संजय पुन्हार के जाति प्रमाण पत्र को गलत तरीके से जारी किए जाने का दावा करते हुए जांच की मांग कई प्रशासनिक विभागों में की है।

इसके साथ ही उनके द्वारा परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया से भी शिकायत कर जांच करवाने की मांग रखी गई। इसके बाद भाजपा नेता परमजीत विज, विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया, मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव, दविंदर सिंह ऊर्फ बल्लू नागी, देवी पाल, राकेश बेलवंशी और राकेश कुमरे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और यहां एक आवेदन देकर प्रमाण पत्र की जांच किए जाने की मांग रखी है।

इस मामले में कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एडीएम श्री बोपचे को जांच करने का आदेश दिया है। इधर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार ने भाजपाइयों के द्वारा की गई इस शिकायत को निराधार बताते हुए उन्हें बदनाम किए जाने का प्रयास बताया है।

## चौरई साहू समाज ने मनाई धूमधाम से मां कर्मा जयंती

**युवा समिति ने किया महाप्रसाद का वितरण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौरई

चौरई साहू समाज के युवा समिति द्वारा बुधवार को नगर स्थित अन्नपूर्णा लॉन में मां कर्मा की 1009 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के परिवारजनों द्वारा सुबह 9 बजे से मां कर्मा जी का हवन पूजन कर क्षेत्र एवं जिलेवासियों की सुख समृद्धि हेतु कामना की गई तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से नगर के कम्युनिटी हॉल के सामने युवा समिति द्वारा खिचड़ी का महाप्रसाद वितरण किया गया। समाज के परिवारजनों द्वारा सायं 7 बजे लॉन में महाआरती की गई।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र साहू जी अध्यक्ष साहू समाज सेवा ट्रस्ट छिंदवाड़ा, श्री कलीराम साहू जी जिलाध्यक्ष साहू समाज छिंदवाड़ा, श्री नरेश साहू जी पूर्व मंडी अध्यक्ष छिंदवाड़ा व श्री हरीश साहू जी सचिव साहू समाज छिंदवाड़ा व श्री अशोक साहू जी अध्यक्ष साहू समाज चौरई शामिल हुए अतिथियों का युवा समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। युवा समिति द्वारा दिनभर में महिलाओं संबंधित रांगोली मेहंदी थाली सज्जा जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई फिर शाम को महाआरती पश्चात बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रतियोगिता में शामिल हुई महिलाएं और बच्चों को शील्ड व ईनाम देकर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में पवन साहू मनोज साहू मुकेश साहू अभिलेश साहू अनिल साहू मोहित साहू ललित साहू लखन साहू आकाश साहू पंकज साहू शरद साहू सजल साहू समेत सामाजिक बंधु एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### प्रभारी अधिकारी के भरोसे चल रही नपा में चल रही भर्राशाही

**दमुआ।** जब शासकीय ऑफिस कार्यालय मुख्यालय में यदि प्रशासनिक अधिकारी फुल प्लस पावर में नहीं रहेगा तो फिर नगर पालिका का काम काज कैसा चलेगा बस यही हाल नगर पालिका परिषद दमुआ का है। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि नगर पालिका दमुआ प्रभारी अधिकारी के भरोसे चल रही है। नगर परिषद न्यूटन चिखली के सीएमओ अजय ठाकरे जो की प्रभारी अधिकारी के रूप में अतिरिक्त चार्ज लेकर नगर पालिका दमुआ का कार्यभार संभाल रहे हैं जो कभी आते हैं और कभी नहीं, ऐसे हालात में एक व्यक्ति दो जगह का कार्यभार कैसे संभाल सकता है। प्रशासनिक अधिकारी अपने मुख्यआलय ऑफिस में समय पर नहीं रहेंगे तो फिर आप अंदाज लगा लीजिए कि सरकारी कार्यालय नगर पालिका दमुआ की भी ऐसे ही हालात बने हुए हैं। प्रभारी अधिकारी के भरोसे नगर पालिका दमुआ का कार्यकाल भगवान भरोसे चल रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी के ना रहने पर विकास निर्माण कार्य भी अवरुद्ध हो रहे हैं और आमजन के मूलभूत काम भी प्रभाव पड़े हुए हैं एवं लोगों के अनिवार्या कार्य भी नहीं हो रहे हैं नगर पालिका दमुआ के कार्य उदासीनता नजर आ रही है।

**शासकीय योजनाएं बनी मजाक, नहीं पसीज रहे अस्पताल के चिकित्सक**

# अस्पताल में मौजूद हैं सरकारी दवाएं,कमीशन के लिए डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौरई, भुजेंद्र शर्मा

**हमारे समाज में चिकित्सक को भगवान के बाद का दर्जा दिया जाता है। बड़े ही सम्मान का पद होने के बाद भी कलयुगी चिकित्सक कमीशन के चक्कर में गरीबों का खून चूस रहे है। ऐसा ही एक मामला चौरई अस्पताल से प्रकाश में आया है। जहां अस्पताल में तैनात चिकित्सकों की मनमानी के कारण स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अस्पताल में दवाएं उपलब्ध हैं, फिर भी मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने के लिए लिखी जा रही हैं।**

### गरीबों पर भी रहम नहीं कर रहे चिकित्सक




सूत्रों की मानें तो चिकित्सकों ने स्वास्थ्य विभाग के जिला अधिकारियों से सांठगांठ कर मिलीभगत से अस्पताल में कमीशन का खेल खेला जा रहा है।अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा कमीशन के लालच में रोगियों को पर्ची के पीछे बाजार की दवाएं लिखी जा रही हैं। रोगियों द्वारा बाजार की दवाएं नहीं लिखने का आग्रह करने पर चिकित्सक द्वारा सही नहीं होने का झांसा दिया जाता है। बाजार से लिखी दवाएं लाने के लिए मजबूर किया हुआ है। अस्पताल का आलम यह है कि अस्पताल में रोगी को उपचार कराने के लिए एक हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि अस्पताल में राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा जांच योजना के अन्तर्गत रोगियों को जांच,दवाओं की अधिकतर सुविधाएं अस्पताल में ही निःशुल्क मुहैया कराई हुई हैं। लेकिन अस्पताल में तैनात चिकित्सकों द्वारा निजी पैथोलॉजी संचालकों दवा स्टोरों से सांठगांठ कर लेने के कारण रोगियों का जमकर शोषण किया जा रहा है।

वहीं रोग से संबंधित दवाएं स्टोर में नहीं होने का बहाना बनाकर रोगी को बाजार से दवा खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। गुरुवार को अस्पताल में इलाज के लिए आए रोगी ने बताया कि यहां रोगियों का शोषण हो रहा है। रोगी को एक हजार तक जांच दवाओं के नाम पर खर्च कराए जा रहे हैं।

वहीं चिकित्सकों द्वारा दवा जांच नहीं कराने पर बीमारी से खतरा पैदा होने से अंदेशा होने का झांसा दिया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों द्वारा बाजार से दवा लाने के लिए रोगी पर्ची के पीछे ही दवा लिखी जा रही है। जिस पर रोगी का नाम अंकित है।

### श्री रामनवमी के पूर्व क्षतिग्रस्त सभामंच का नवनिर्माण

# सालों से पूरी नहीं हुई सभामंच के नवीनीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

वार्ड क्रमांक 11 बाजार चौक में बने क्षतिग्रस्त सभामंच के नवीनीकरण की मांग लंबे समय से नगर वासियों के द्वारा नगर पालिका परिषद सौसर से की जा रही है,पूर्व में वार्ड क्रमांक 11 के निवासियों के द्वारा इस सभा मंच के नवीनीकरण के साथ ही इसकी चौड़ाई बढ़ाने की मांग भी की गई है बावजूद इसके नगर पालिका सौसर के द्वारा नगर के व्यस्ततम एवं हृदय स्थल पर बने इस सभामंच की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, मिली जानकारी के अनुसार नगर में होने वाले सामाजिक धार्मिक राजनीतिक सांस्कृतिक सभी बड़े आयोजन बाजार चौक के इस सभा मंच पर होते हैं, इसके अलावा सभी प्रकार के राजनीतिक नेताओं का आगमन आमसभाये इसी सभामंच से की जाती है,बावजूद इसके नगर पालिका परिषद में बैठे हुए अधिकारी,पार्षद इस सभामंच के नवीनीकरण पर ध्यान नहीं दे रहे हैं,रखरखाव के अभाव में पूरी तरह सभामच क्षतिग्रस्त हो गया है, मंच पर जगह-जगह पर दरारें पड़ गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नगर में अन्य कोई दूसरा मंच नहीं होने के चलते इसी मंच पर सभी कार्यक्रम संपन्न होते हैं, अगले माह नगर में भव्य राम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाना है,उसके लिए इसी मंच पर भगवान की विभिन्न लीला पर आधारित झांकियां बनाई जाती है, मंच व्यवस्थित नहीं होने के चलते कलाकारों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े तनुल सूर्यवंशी ने बताया कि नगर का यह इकलौता सभामंच है, मंच को बड़ा एवं नवीनीकरण करने को लेकर पूर्व में नपा प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है, पर अभी तक कुछ नहीं किया गया है, नपा प्रशासन सौसर ने रामनवमी के पूर्व मंच का नवीनीकरण करना चाहिए।



## 14 अप्रैल को महाबोधि विहार मुक्त करने राष्ट्रपित के नाम सौंपे ज्ञापन

**सौंसर।** 14 अप्रैल को संपूर्ण प्रदेश में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकरकी जयंती के अवसर समस्त बौद्ध एवं अंबेडकर अनुवाइयों को शांतिपूर्ण रूप से बुद्धगया महाबोधि महाविहार को बौद्धों के हाथों में सौंपने के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपने की अपील भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर की ओर से की गई है।गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रभान बागडे, जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने बताया भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजरत्न आंबेडकर,प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ के निर्देशानुसार भारतीय संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की 135 में जयंती पर 14 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम रेलिया आयोजित की जाती है। रैलीयो के माध्यम से प्रत्येक ग्रामों,नगर जिलों से महामहिम राष्ट्रपति के नाम महाबोधि महाविहार बुद्धगया को ब्राह्मण के हाथों से मुक्त कराने ज्ञापन सौपना चाहिए, 1950 के बाद भारत का संविधान देश की जनता ने स्वीकार कर 26 जनवरी 1950 के पूर्व के सभी नियम समाप्त करने तथा भविष्य में संविधान की धाराओं के तहत कार्य करने का निर्णय लिया गया,किंतु 1949 को बिना संवैधानिक प्रक्रिया के बनाए गए एक बुद्धिस्ट टेंपल एक्ट जिसमें चार हिंदू ओर 4 बौद्ध सदस्य एवं हिंदू जिला अधिकारी इस प्रकार 9 सदस्य समिति बनाई गई है,वह आज भी कार्यरत है उसे समाप्त करने की माग शांतिपूर्ण रूप से सभी संगठनों एवं महासभा की इकाइयों को करनी है।श्री बागडे ने आगे बताया कीपूरी दुनिया में हिंदु समाज का पूजा स्थल हिंदू के हाथों में सिखों का पूजा स्थल सिखों के हाथों में तथा मुसलमानों का पूजा स्थल मुस्लिम के हाथों में है।

## नॉर्थ चांदामेटा में सड़क का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

गुरूवार को ग्राम पंचायत भमोड़ी के अंतर्गत नार्थ चांदामेटा में लगभग 40 वर्षों बाद 350 मी. रोड के डामरीकरण के लिए भूमिपूजन किया गया । यह मार्ग विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त स्थिति में था । यहां से रमपुरी,जाटाछापर बस्ती एवं भमोड़ी के लोग रोजाना आवागमन करते हैं । इस सड़क की मांग लंबे समय से हो रही थी । क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल बाल्मीक के द्वारा इसे संज्ञान में लेकर वेकोलि के सी.एस.आर मद से इस सड़क का डामरीकरण के कार्य को स्वीकृत कराया गया है । भूमि पूजन कार्यक्रम में अमित तिवारी , राज कैथवास , मो. असलम , धीरज श्रीवास्तव , आरिफ ताज , मो मकबूल , अलकेश इवनाति , रियाज खान , पप्पू भाई , मो. सज्जन , मो.समीर , रवि वर्मा , मो. फैजान , शेख शरीफ मो. तौफीक ,बाया डेहरिया , विमल सिगोतिया एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# मोहगांव बस स्टैंड परिसर में ना लगे शराब दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मोहगांव हवेली संचालित हो रही शराब दुकान को लेकर महिलाएं और स्वयं से भी संगठन अब मुखर हो गए है।महिला मंडल एवं नगर वासियों ने बड़ी संख्या में शराब दुकान से हो रही परेशानी को लेकर सौसर आबकारी कार्यालय में पहुंचकर आबकारी अधिकारी जी.एल मरावी कोज्ञापन सोपते हुए कार्यवाही करने की मांग की है,मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले पार्षद नितीन ढोबले ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और वार्ड 8 में स्थित दुकान हटाने की मांग की थी, इधर बस स्टैंड परिसर में शराब दुकान प्रस्तावित होने की खबर में मोहगांव के महिला पुरुष आबकारी कार्यालय पहुंचे और दुकान के प्रस्तावित स्थल का विरोध किया है। महिलाओं नागरिकों ने कहा कि बस स्टैंड परिसर में शराब की दुकान लगी तो आंदोलन करेंगे।

ज्ञापन में कहा है कि प्रस्तावित स्थल बस स्टैंड के आसापास पार्क, अर्धनारिश्वर ज्यातिर्लिंग मंदिर जाने का. मार्ग, महिला शौचालय, और दकानें इस क्षेत्र में है,यहां शराब की दुकान खोली जाती है तो इससे नगरवासियों के साथ श्री अर्धनारिश्वर मंदिर आने वाले भक्तों को परेशानी होगी।ज्ञापन देने पहुचे पार्षद प्रदीप घाटोड़े,विष्णु कामड़े, रंजना नेहारे, विमल रोकडे, हर्षला वैद्य, संजय झाडे, भिमराज राऊत, राधेश्याम बावनकर, बेबीबाई गोहटे,विमल रोकड़े आदि ने बताया कि यहां पर संचालित हो रही शराब दुकान से महिलाओं छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी है, 24 घंटे शुरू रहने वाली इस शराब दुकान के चलते आए दिन विवाद उत्पन्न हो रहे है, शराबियों के कारण यहां से महिलाओं एवं अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान में आने वाले भक्तों को शर्मसार होना पड़ रहा है,मुख्यमंत्री के द्वारा पर्यटक स्थलों से शराब की दुकान को हटाने के आदेश जारी किए गए हैं बावजूद इसके अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान से कुछ भी दूरी पर शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है जिसे नगर सीमा से बाहर किया जाना चाहिए,इनका कहना हैआबकारी विभाग एडीओजी.एल मरावी का कहना है कि मोहगांव हवेली में वर्तमान में स्थित शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना है,नई जगह का अभी चयन नहीं हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन दिया गया है इसे उच्च अधिकारियों तक प्रेषित किया जाएगा।

## विज्ञान मंथन यात्रा 2025 हेतु हुआ छात्र का चयन

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में कक्षा 12 वी विज्ञान की छात्रा महिमा पिता तोषनलाल पवार का चयन मिशन एक्सीलेंस के अंतर्गत विज्ञान मंथन यात्रा देहली 2025 में हुआ है। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार, अलका तेलंग, शिक्षक मनोज शर्मा, अनुरोध शर्मा, शिक्षिका दिप्तिका शर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई प्रेषित करते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील

**सिंगोड़ी:-** थाना अमरवाड़ा की पुलिस चौकी सिंगोड़ी में आयोजित शांति समिति की बैठक में आज प्रशासन ने नागरिकों से आगामी ईद नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। बैठक में अमरवाड़ा एसडीओपी रवींद्र मिश्रा अमरवाड़ा तहसीलदार ,चौकी प्रभारी पंकज राय सहित विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। इस दौरान आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने पर सहमति बनी। प्रशासन ने नागरिकों से त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने और अफवाहों से बचने का आग्रह किया। वही डीजे पर प्रतिबंध के साथ समस्त आयोजन कौमी एकता और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

# माँ कर्मा जयंती पर ऐतिहासिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

साहू समाज समिति ने अपनी आराध्य देवी माँ कर्मा की 1009 वीं जयंती शहर मे स्वर्ण जयंती के रूप मे मनायीं।सर्वप्रथम माँ कर्मा चौक के समीप स्थित माँ कर्मा जी के प्रसिद्ध मंदिर मे बड़े विधि विधान से प्रातः से पूजा अर्चना कर दोपहर बाद विशाल रैली निकाली गयी जो नगर भर के प्रमुख मार्गो से गुजर कर अंशिका लान पहुंची विशालकाय रैली का नगरवासियो ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया इसके साथ ही जगह जगह स्वलपाहार व शीतल पेय की व्यवस्था दिखी रैली मे अनेकानेक झाँकिया प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही।

मुख्य कार्यक्रम अंशिका लान मे रखा गया। जहाँ समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं व समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने वालो का सम्मान किया गया।मंच पर सामाजिक बच्चों बच्चियों ने मनमोहक डांस व अन्य पारम्परिक कार्यक्रम पेश कर सामाजिक लोगो का मन जीत लिया।उक्त विशाल कार्यक्रम स्थानीय साहू समाज समिति युवा साहू समाज समिति महिला साहू समाज समिति के संयुक्त तत्वाधान मे गरिमामयी वातावरण मे आयोजित था।



समाज के अध्यक्ष सतीश साहू ने वार्षिक प्रतिवेदन के साथ समाज के मंगल भवन निर्माण की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए सभी सामाजिक बंधुओ मातृशक्ति तथा सहयोगियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वही कार्यक्रम मे उपस्थित पत्रकारों जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों व्यापारियों का कार्यक्रम मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

माँ कर्मा जयंती कार्यक्रम को चिरस्मरणीय सफलता दिलवाने मे साहू समाज अध्यक्ष भाई सतीश साहू (आईडिया) हरीश साहू अनिल साहू हरी साहू राजेश साहू शैलेन्द्र साहू कैलाश साहू (बारदाना)सुरेश साहू गजेंद्र साहू शिव साहू योगेश्वर साहू व अन्य साथियों का विशेष योगदान रहा।कुशल मंच संचालन ब्रजेश साहू ने किया।

# दुकानदारों का रोजी-रोटी का संकट दूर होने का सपना अधूरे में लटका

## दो वर्ष बाद भी दुकानों का नहीं हुआ आवंटन, जनपद पंचायत को भी हो रही राजस्व की हानि

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत खैरलॉजी द्वारा स्थानीय फुटकर व्यापारियों की दुकान को हटाकर लगभग दो से तीन वर्ष पूर्व टेंडर प्रक्रिया के तहत जनपद प्रांगण में काम्प्लेक्स का निर्माण करवाया गया। काम्प्लेक्स निर्माण को लेकर स्थानीय व्यापारियों में खुशी हैं, तो वही रोजी-रोटी का संकट दूर हो जाने का सपना भी पूरा होने का इंतजार अब अधूरे में लटका नजर आ रहा है। वहीं इस शापिंग काम्प्लेक्स की दुकानों की नीलामी नहीं होने के कारण जनपद पंचायत को भी लाखों रुपये के राजस्व की नुकसानी उठानी पड़ रही हैं।

**2022 में हुआ था निर्माण पूर्णः** विदित हो कि जनपद पंचायत खैरलॉजी के प्रांगण में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 2 बालाघाट के द्वारा शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण वर्ष 2022 में किया गया। जिसकी नीलामी की प्रक्रिया अब तक पूरी होकर दुकानदारों को शापिंग काम्प्लेक्स में उनकी नियत दुकानों को संचालित करने के लिए दे दिया जाना था, लेकिन उन दुकानों को अब तक आवंटित नहीं किया जाना, स्थानीय शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

**स्थानीय दुकानदारों की हुई दुकाने जमींदोज, तो अब उन्हें लगी है आसः** लाखों रूपये से निर्माण किए गए शापिंग काम्प्लेक्स के गुलजार नहीं होने का कारण समझ से परे होते जा रहा है। बीते तीन सालों से दुकानदार फुटपाथ पर दुकान लगाने को मजबूर है। स्थानीय दुकानदार पप्पू लिल्हारे, देवेन्द्र लिल्हारे, चतुर्भुज रनगड़े, गन्ना बहेटवार, टेकचन्द रनगड़े, छन्ना सूर्यवंशी, आर.के.टेलर व अन्य दर्जनों दुकानदारो का कहना है कि पहले भी दुकानें व्यवस्थित थी, लेकिन जनपद पंचायत ने नोटिस दिया और एक साथ सभी दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। लेकिन साथ ही आश्वासन दिया गया था कि 6 महीने के भीतर नए काम्प्लेक्स बनाए जाएगे और जिनकी दुकानें टूटी है, उन्हें प्राथमिकता देकर सौंप दिया जाएगा।



**4 वर्षो बाद भी दुकानों की नीलामी नहींः** अब इस बात को चार-पांच वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक शापिंग काम्प्लेक्स की दुकानें आवंटित नहीं की गई है। जिनकी दुकानें टूटी थी, उनमें से कुछ दुकानदारों ने दुकान लगाना बंद कर दिया है और कुछ लोगों ने फुटपाथ पर ही दुकान लगा ली है। लेकिन दुकानों के लगने से सडक़ पर यातायात की समस्या बढ़ गई है साथ ही स्थायी दुकान लगाने वालों के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा हैं, पहले के मुकाबले व्यवसाय में बिक्री कम हो गई है। अब व्यवसायी चाहते है कि जो काम्प्लेक्स बन चुका हैं, उनमें जिनकी दुकानें तोड़ी गई हैं, उन दुकानदारों को कमरे दिए जाए।

**करीब 75 लाख रूपये की राशि से 25 कमरे का हुआ है निर्माणः** परफारमेंस ग्रांट की राशि से जनपद पंचायत द्वारा बनाए गए शापिंग काम्प्लेक्स अभी आवंटित भी नहीं हुए हैं, लेकिन वह अपनी जैसी भी स्थिति में निर्मित हैं, वह बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं होने को लेकर लगातार संबंधित निर्माण एजेंसी के खिलाफ शिकायतों का दौर भी बदस्तूर जारी है।

### इनका कहना हैं:-

काम्प्लेक्स की दुकानों की नीलामी की ऑनलाईन प्रक्रिया की जाना है, जिसकी कार्यवाही जारी हैं।

**सुश्री दीक्षा जैन प्रभारी सीईओ**
**जनपद पंचायत खैरलॉजी**

## न्यू अनमोल मोबाइल एप्लीकेशन का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के निर्देशन में न्यू अनमोल मोबाइल एप्लीकेशन एंड आरसीएच पोर्टल का एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न किया हुआ। प्रशिक्षण में अनमोल आरसीएच पोर्टल, गर्भवती महिलाओ तथा शिशुओ का पंजीकरण, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, प्रसव रिकार्ड संधारण और रेफरल प्रबंधन, डीबीटी के माध्यम से वित्तीय सहायता, प्रश्नवोत्तर देखभाल, नवजात व शिशुओ की देखभाल, वेब पोर्टल पंजीकरण, रिपोर्टिंग प्रणाली पर विस्तार से जानकारी प्रदाय की गई। यह प्रशिक्षण मास्टर प्रशिक्षक आईडीएसपी डाटा मैनेजर अनूप देशमुख, बीपीएम श्री जवाहर बिसेन,भुनेश बोपचे, विजयानन्द मेश्राम, अनिल कुकडे, किशोर टेभूरने, मनीष एड़े एवं संजय तुरकर द्वारा दिया गया।

## राज्य केश शिल्पी मंडल नगर पंचायत लांजी के मंत्री प्रतिनिधि नियुक्त किए गए संतोष श्रीवास

**लांजी।** मध्यप्रदेश राज्य केश शिल्पी मंडल द्वारा केश शिल्पी नाई समाज तथा उनके उत्थान हेतु निरंतर कार्यरत हैं जिसके साथ साथ प्रदेश में मुख्यालय स्तर नगर परिषद, नगर पालिकाओं में राज्य केश शिल्पी मंडल अपना प्रतिनिधि नियुक्त करती हैं जिससे सामाजिक बंधुओं को लाभ मिल सके इसी क्रम में नगर परिषद लांजी राज्य केश शिल्पी मंडल के मंत्री प्रतिनिधि के रूप में संतोष श्रीवास( अध्यक्ष ) सेन नाई समाज लांजी को नियुक्त किया गया हैं। मध्यप्रदेश राज्य केश शिल्पी मंडल की ओर से नगर पंचायत लांजी में केश शिल्पी बंधुओं की सहायता, केश शिल्पी कार्ड बनाना, मध्यप्रदेश राज्य केश शिल्पी मंडल की अन्य योजना एवं विश्वकर्मा योजना संबंधित कार्य करने हेतु मंडल प्रतिनिधि नियुक्त किया गया हैं। नियुक्ति के पश्चात सभी स्वजातीय बंधुओं ने संतोष श्रीवास को बधाई व शुभकामनाएं भी दी।



## सेन्ट्रल इण्डिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी का परीक्षा परिणाम घोषित

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित होने पर छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। 27 मार्च को विद्यालय के संचालक विभा तिवारी ने परीक्षा परिणाम वितरण पर बच्चों को बधाई दी।विद्यालय सेन्ट्रल इण्डिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल, लांजी का सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम दिनांक 27/03/2025 को घोषित किया गया जो सराहनीय रहा। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती संध्या मिश्रा द्वारा विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय में सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा कक्षा एल. के. जी. में प्रथम स्थान लाची गौतम , द्वितीय स्थान अपर्णा महोबिया तथा तृतीय स्थान रूद्र पांचे , वाणी कलपुरे , अरहान बेग, हितांषी गोदुले रहे। कक्षा यू. के. जी. में प्रथम स्थान तुरवी कटरे 100%, लाव्या देवगड़े 100%, अलिषिया चोरवाडे 100%, द्वितीय स्थान दर्श बिसेन 99.33% , हिमांशी वंजारी 99.33%, तृतीय स्थान अक्षर किरमें 98.13%, डिम्पल धामने 99.66% ने लिया। कक्षा 1 में प्रथम स्थान चार्वी कावड़े 99.91%, दिव्यानी मनेश्वर 99.91%, मोक्षिता बोपले 99.91%, थीरा मानकर 100%, कनक महोबिया 100:, द्वितीय स्थान देवांषी वानखेडे 99.83%, कुंज नरताम 99.58%, तृतीय स्थान हार्दिक सिरामे 99.66%, कनक गोदेले 99.66%, कार्तिक नेवारे 99.5% रहा। कक्षा 2 में प्रथम स्थान दिक्षा चोरवाडे 99.92%, हर्शानी उइके 99.92%, जयेष बनोठे 99.91%, रिद्वि बैस 99.91%, द्वितीय स्थान राविया आम्बाडारे 99.58%, दिशात केकते 99.58%, प्रियल पांचे 99.25%, तेजल बडमें रहे। कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान अदिति खोंगल 96.33% द्वितीय स्थान यन्श पंद्रे 96.16% तथा तृतीय स्थान विधि पीपलेवार 96.08% रहा । कक्षा चौथी में प्रथम स्थान राशि भार्गव 99.83%, मोनाली महोबिया 99.33%, कुणाल मात्रे 99.5%, द्वितीय स्थान अक्षत चंद्रिका पुरे 99.16% नेक महोबिया 98.58%, रशिका हनोंते 98.58%, विराट बागड़े 97.58%, तथा तृतीय स्थान अंगद वाकले 97%, सार्थक विजयवार 97%, आक्षांशी म्हात्रे 98.16%, तन्वी बड़मे 97.5%, काव्यांजलि घरते 97.5%, रहा।



### प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद देशमुख बोले बिचौलिये से सावधान रहे समाज

# बोनकट्टा में कोहरी समाज संगठन की हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** समाज के बिचौलियों से सावधान रहे वह अपने निजी स्वार्थ के लिए समाज को विभाजित करने का काम कर रहे है. यह बात कोहरी समाज संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने कही है. बुधवार को बोनकट्टा में कोहरी समाज संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी. बैठक की समाप्ति के बाद करीब साढ़े 03 बजे प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने चर्चा करते हुए कहा कि समाज बिचौलियों के बहकावे में ना आए. वह लोग समाज को गुमराह कर रहे है. उन्होंने कहा कि समाज संगठन का वर्ष 2027 तक पंजीयन है. सौ-दो सौ लोग मिलकर समाज की समिति को भंग नहीं कर सकते समिति यथावत ही है. समाज अगर प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव कराना चाहता है तो वह उसके लिए तैयार है. उन्होंने उन पर लगने वाले तमाम आरोपों के आज बारी-बारी से समाज के सामने जवाब दिए है. बता दें कि बीते कुछ महीनों से कोहरी समाज के लोगों में काफी मतभेद दिखाई दे रहा है. केंद्र की ओबीसी की सूची में जाति को शामिल कराने की मांग को लेकर कभी एकजुट होकर आंदोलन करने वाला कोहरी समाज अब दो हिस्सों में विभाजित हो गया है. इसकी एक बानगी उस वक्त देखने को मिली जब महकेपार में कोहरी समाज का महासम्मेलन आयोजित किया गया. यहां पर समाज के लोगों ने प्रांतीय समिति को भंग करने की बात कहीं थी और आंतरिक समिति की घोषणा की थी. समाज के लोगों ने तब मंच से अरविंद देशमुख की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें प्रांतीय अध्यक्ष के पद से हटाने के लिए चुनाव कराए जाने की मांग रखी थी. अब अरविंद देशमुख ने इन सभी सवालों के जवाब दिए है. उन्होंने समाज के सामने समाज के लिए खरीदी गई भूमि के विवाद पर भी अपनी बात रखी और बताया कि यह भूमि करीब 08 वर्ष पहले समाज के लिए खरीदी गई थी. इतने सालों में किसी को कोई आपत्ति नहीं थी अब कुछ लोग समाज में अराजकता का माहौल निर्मित कर रहे है. उन्होंने समाज के सामने आय-व्यय को लेखा-जोखा भी पेश किया।



बोनकट्टा में आयोजित कोहरी समाज की बैठक में पंजीकृत समिति के सभी प्रमुख 07 पदाधिकारी और ग्रामीण जन शामिल हुए. जहां कोहरी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने कहा कि समाज को तोड़ने का काम करने वाले लोगों से सभी को सावधान रहने की जरूरत है. समाज इतने वर्षों तक अपनी मांग को लेकर एकजुट होकर संघर्ष करता रहा है. कभी इस तरह की परिस्थिति निर्मित नहीं हुई लेकिन अब समाज के कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए समाज को गुमराह कर रहे है और समाज को बांटने का काम कर रहे है. इससे समाज के सभी लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है. अरविंद देशमुख ने कहा कि उन पर समाज के लिए कार्य नहीं करने के जो आरोप लगाए जा रहे है वह पूरी तरह से निराधार है. उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से कोहरी जाति को केन्द्र की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल कराने के लिए समाज के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ रहे है. पहले कोहरी जाति प्रदेश की ओबीसी की सूची में भी शामिल नहीं थी. जाति को सबसे पहले प्रदेश की सूची में स्थान दिलवाया गया. अब यह लड़ाई केन्द्र की सूची में शामिल होने की है. अकेली कोहरी जाति ही केवल केंद्र की सूची में शामिल नहीं है ऐसा भी नहीं है कोहरी जाति सहित करीब 35 जातियां केंद्र की ओबीसी की सूची में नहीं है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस की सहायता से मिला गुम हुआ मोबाईल

**छपारा।** नगर के खैरमाई मढिया के पास रहने वाले चंद्रशेखर श्रीवात्री ने विगत दो माह पूर्व 23 जनवरी को छपारा पुलिस थाना में मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि खेत से घर लौटते समय नगर के अंदर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनका मोबाईल लगभग 20 हजार रुपए कीमत का गुम हो गया था। जिस पर उक्त शिकायत को संज्ञान लेते हुए छपारा पुलिस एवं सिवनी जिला साइबर सेल के प्रयास से उक्त गुम मोबाइल फोन को गत दिवस सोमवार मोबाईल के पुनः चालू होते ही साइबर सेल ने पकड़ लिया और उक्त मोबाईल की लोकेशन सागर जिले के देवरी थाना क्षेत्र में मिली जिनसे छपारा पुलिस द्वारा संपर्क किया गया एवं पुलिस की सहायता से पुनः मोबाइल दिया गया। जिस पर छपारा नगर के नवागत नगर निरीक्षक खेमेंद्र जैतवार द्वारा मोबाइल फोन स्वामी को बुलाकर सौंपा गया वहीं टीआई जैतवार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा मिले निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर यह कार्यवाही की गई है गुम हुए अपने मोबाइल के दोबारा मिलने एवं समस्या का निराकरण किए जाने पर चंद्रशेखर श्रीवात्री द्वारा पुलिस विभाग का आभार जताया गया।

### ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग

**सिवनी।** दलसागर तालाब के पास स्थित एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में बुधवार दोपहर आग लग गई। बस स्टैंड से भैरोगंज के बीच स्थित इस दुकान से उठ रही लपटें दूर तक दिखाई दे रही थीं। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। हालांकि, दमकल की टीम जब तक मौके पर पहुंची, दुकान का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आग लगने के कारणों और हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटनास्थल के आसपास कई अन्य दुकानें भी हैं, अगर समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो यह एक बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती थी। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विशेष सावधानी बरतें।

### दुर्गा बनवारी एवं रंजीता बघेल को भी पीएचडी उपाधि

**सिवनी।** प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी महाविद्यालय सिवनी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ दुर्गा बनवारी (कॉमर्स विषय) एवं रंजीत बघेल (कंप्यूटर साइंस विषय)में मालवांचल विश्वविद्यालय इंदौर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई। पीजी महाविद्यालय परिवार ने इन दोनों को बधाई प्रेषित की एवं उजवल भविष्य की कामना की है। दुर्गा बनवारी एवं रंजिता बघेल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया।

### नाबालिग लडकी को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा महिलाओं एवं नाबालिग बालिकाओं को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उनकी रोकथाम हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है इसी कडी में अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा अनु. अधि. (पुलिस) लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस द्वारा नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व शादी का झांसा देकर गलत काम करने वाला आरोपी को गिरफतार कर जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है। थाना लखनादौन जिला सिवनी में प्रार्थी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लडकी उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।



## लापरवाही या रखरखाव की कमी ?

# मालगाड़ी का WAG 9HC 41435 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजन मालगाडी के डिब्बों को छोड़ के भागा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

-दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के नैनपुर केवलारी रेल खंड पीएच बोथिया के रेल गेट के समीप दिनांक 27 मार्च सुबह 6:15 वजे के लगभग केवलारी से नैनपुर जा रही मालगाड़ी का पावर इंजिन मालगाड़ी के 42 डिब्बो का कपलिंग कनेक्शन से अलग होकर इंजिन पुरी मालगाड़ी छोडकर 2 किमी लगभग आगे निकल गया था। तेज रफ्तार से चल रही मालगाड़ी का रेल इंजिन ग्रीन कलर WAG 9HC नंबर 41435 इलेक्ट्रिक बलसाद लोकोमोटिव उच्च शक्ति 6000 हजार हार्स पावर 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से फुल 42 लोडेड रेक को ट्रेक पर दोडाने की क्षमता रखता है। अचानक डिब्बो से कनेक्शन टुट जाने से अकेला दोडा। अप्रत्याशित घटी घटना से कोई छति जन हानि तो नही हुयी लेकिन इंजिन से 42 माल डिब्बो का कनेक्शन अचानक निकलना लापरवाही होने से इंकार नहीं किया जा सकता। इंजिन की कनेक्टिविटी आज सीधे ट्रेन मेनेजर के डिब्बे से थी? यही बिषय घटना की जांच के लिए पर्याप्त है।ट्रेन मैनेजर की सूचना पर पावर बापिस हुआ लोको पायलट ओर ट्रेन मैनेजर दोनो ने इंजिन को डिब्बे से जोडा तब जाकर मालगाड़ी आगे गयी। रेल अधिकारीयो से चर्चा करने पर जानकारी मिली कि ब्रेक की कप्लिंग डिफेक्टिव थी इसी कारण ऐसा हूआ नैनपुर मे इंजिन ओर ब्रेक की कप्लिंग मे सुधार कर लिया गया है।डिब्बो का जगह पर खड़े हो जाने पर बताया गया कि रेल मे पावर ब्रेक होते है इंजिन के डिब्बे से कनेक्शन हटते ही पाहियो मे ब्रेक लग जाता है।

# डूण्डासिवनी पुलिस ने 48 घंटे के अंदर अपहृत नाबालिक बालक को किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिनांक 24.03.2025 को प्रार्थी युवराज पालेवार पिता घनश्याम पालेवार निवासी जनता नगर थाना डूण्डासिवनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका 16 वर्षीय नाबालिक बालक को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना डूण्डासिवनी में अपराध क्रमांक 131/2025 धारा 137 (2) BNSS पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुनील कुमार मेहता के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री जी.डी. शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में घटना की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर अपहृत 16 वर्षीय नाबालिक बालक की तलाश पतासाजी कर दिनांक 26.03.2025 को दस्तयाब किया जाकर अपहृत 16 वर्षीय नाबालिक बालक को उसके परिजन

# ब्लैक पैंथर की मौजूदगी देख रोमांचित हुये पर्यटक

**गर्मी में पानी की तलाश में ये दुर्लभ जीव सड़क पार करता दिखाई दे रहा है। पार्क में यह काला तेंदुआ सामान्य तेंदुए के साथ भी स्वतंत्र रूप से विचरण करता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी स्थित पेंच नेशनल पार्क में दुर्लभ ब्लैक पैंथर (बघीरा) की मौजूदगी ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया है। काले रंग का यह तेंदुआ जंगल के बीच से सडक़ पार करते हुए दिखाई दिया। पर्यटकों ने इस नजारे को अपने कैमरे में कैद कर लिया।



रुडयार्ड किपलिंग की प्रसिद्ध पुस्तक द जंगल बुक में वर्णित बघीरा को देखकर पर्यटक अचंभित हैं। पेंच टाइगर रिजर्व की विशेषता इसकी जैव विविधता है। यहां बाघ और ब्लैक पैंथर के अलावा तेंदुआ, भेडिय़ा, बाइसन, हिरण, बारहसिंगा, मोर, भालू, गौर और जंगली कुत्ते पाए जाते हैं। विभिन्न प्रजातियों के पक्षी भी यहां के पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध बनाते हैं। द जंगल बुक के मशहूर किरदार मोगली की जन्मस्थली के रूप में विख्यात इस पार्क मेंदेश-विदेश से पर्यटक आते हैं। बाघों के अलावा अब ब्लैक पैंथर का दीदार भी उन्हें आकर्षित कर रहा है। इस दुर्लभ जीव की उपस्थिति से पार्क में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# बांस से सुंदर कलाकृतियॉ बनाकर सशक्त बनी निशा ठाकुर एवं समूह की अन्य महिलाएं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राय ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोडक़र उनकी क्षमता में वृद्धि कर रहा है। आजीविका मिशन से जुडक़र महिलाऐं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। ऐसा ही उदाहरण सिवनी जिले के ग्राम छिडिय़ा पलारी की निशा ठाकुर का भी है जो आज समूह से जुडक़र खुशहाल जीवन यापन कर रही हैं। निशा ठाकुर बताती हैं कि वे स्व-सहायता समूह से जुडने के पूर्व उनके परिवार का भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी पति के कंधे में थी। जो छोटे स्तर पर बांस की कलाकृति बनाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे बताती हैं कि आय का सशक्त साधन न होने के कारण जब भी अचानक पैसों की आवश्यकता पड़ती थी तो काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। श्रीमती ठाकुर बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुडने का फायदा समझकर वह निर्मल स्व-सहायता समूह से जुड़ीं तथा पति के बांस से कलाकृति बनाने के कार्य को आगे



बढाने का कार्य कर रही है। श्रीमती ठाकुर द्वारा बांस कलाकृति बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं औजारों तथा सामग्री के लिए एक लाख रूपये का ऋण लेकर अपना कार्य प्रारंभ किया है। जिसमें समूह की अन्य महिलाऐं भी श्रीमती ठाकुर से प्रेरणा लेकर उनके साथ बांस की अनुपम कलाकृति बनाने के कार्य में बढ-चढकर हिस्सा ले रही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा बांस में उकेरी गई सुंदर कलाकृतियों की जिले के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी विशेष मांग है। नागरिकगण गृह शोभा तथा दैनिक उपयोग के लिए बांस से बनी कलाकृतियों एवं वस्तुओं को पसंद कर रहे हैं। जिससे श्रीमती निशा ठाकुर एवं समूह अन्य महिलाऐं अछी आय प्राप्त कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। श्रीमती निशा ठाकुर एवं समूह की अन्य महिलाऐं उनके जीवन स्तर में आये परिवर्तन के लिए राय आजीविका मिशन तथा प्रदेश शासन का धन्यवाद ज्ञापित करती हैं।

# चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 26/3/2025 दिन बुधवार को श्री परशुराम मंदिर नंदीकेश्वर धाम मैं विराजित माता राजराजेश्वरी और भगवान परशुराम के मंदिर मे चैत्र नवरात्रि पर्व केआयोजन के संबंध मे आवश्यक बैठक आयोजित की गई, इस कार्यक्रम हेतू मनोकामना कलश स्थापना और 9 दिन के आयोजन के संबंध में अलग अलग प्रभारी नियुक्त किये गये है कलश प्रभारी -श्रीमती गीता अवस्थी 9424327398, श्रीमती मंजू दुबे 9993741643,श्रीमती अरविन्दजा दुबे 7999940048,श्रीमती शकुंतला तिवारी जी 9131914714,श्री विकास तिवारी (सोनू )9131914714 कलस स्थापना प्रभारी -श्री अशोक अवस्थी जी, श्री रुपनारायण अवस्थी जी, श्री संतोष अवस्थी जी, श्री राजेंद्र दुबे जी, श्री राजेंद्र शर्मा जी भोजन प्रभारी -श्रीमती मंजू तिवारी जी, श्रीमती मंजू अवस्थी जी, श्रीमती प्रतिभा तिवारी जी, श्री मति शैल दुबे जी, श्रीमती रीता मिश्रा जी, श्रीमती तरुणलता चतुर्वेदी जी, श्रीमती नीतू मिश्रा जी, श्रीमती शुभ्रा शर्मा जी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी -श्रीमती साधना चतुर्वेदी जी, श्रीमती सुधा शुक्ला जी, कु अरुणी दीक्षित जी, कु ऋतू पाठक जी, दुर्गेशवरी शर्मा जी, शीला तिवारी जी जस प्रभारी-श्रीमती शकुंतला तिवारी जी, श्रीमती सरला उपाध्याय जी, श्रीमती सत्यभामा उपाध्याय जी, श्रीमती सविता तिवारी जी, श्रीमती छाया पाठक जी, श्रीमती शशिकला तिवारी जी, श्रीमती हेमलता मिश्रा जी, श्रीमती अनीता दुबे जी श्री युधिष्ठिर अवस्थी जी, श्री शिवकुमार तिवारी जी, श्री सुभाष चंद्र तिवारी जी, सहस्त्रारचन प्रभारी -श्रीमती पूजा तिवारी जी, श्रीमती अनामिका मिश्रा जी, श्रीमती सुनीति उपाध्याय जी, श्रीमती ज्योति भार्गव जी, श्रीमती पूनम शर्मा जी, श्रीमती प्रतिभा तिवारी जी, श्रीमती राधिका दुबे जी, श्रीमती सुषमा तिवारी जी पूजन आरती प्रभारी -श्री रविंद्र तिवारी जी, श्री संदीप उपाध्याय जी, श्रीमती जय श्री पांडे जी,श्रीमती वीणा मिश्रा जी, श्रीमती बेबी तिवारी जी, श्रीमती ऊषा शुक्ला जी, श्रीमती संध्या तिवारी जी, श्रीमती राममंणी तिवारी जी, क्रय विक्रय प्रभारी -श्री जुगल दुबे जी, श्री अशोक तिवारी जी कोषाध्यक्ष -श्री दिनेश मिश्रा जी मीडिया प्रभारी -श्री प्रशांत शुक्ला जी विसर्जन प्रभारी -- श्री भुवनेश्वर शुक्ला जी, श्री विक्रांत दुबे जी, श्री अजय मिश्रा जी, श्री विनोद मिश्रा जी, श्री पिंकी त्रिवेदी जी, श्री गोपाल तिवारी जी, श्री अजय शर्मा जी, श्री श्याम सुंदर पांडे जी, सम्पूर्ण कार्यक्रम प्रभारी -श्री अजय मिश्रा जी, श्रीमती अरविन्दजा दुबे जी बैठक मे उपस्थित सदस्य जिलाध्यक्ष श्री दिलीप तिवारी शामिल रहे।

# नगर भ्रमण में पहली बार निकली सीएमओ, लिया वार्डों का जायजा

**नगर के टैगोर वार्ड राजपूत कॉलोनी में सडक़ के किनारे दोनों तरफ की पक्की नाली में घरों से निकलने वाला पानी आगे सुचारू रूप से नहीं बहने से परेशान वार्डवासियों ने इस मामले की शिकायत वार्ड के पार्षद व सीएमओ से की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिसके चलते गुरुवार को सुबह नगर पालिका परिषद सिवनी की सीएमओ दिशा डेहरिया मौके स्थल पर पहुंची और समस्याओं को जाना। साथ ही उक्त स्थान पर पुलिया बनाए जाने के निर्देश दिए तथा सफाई कर्मचारियों को बुलाकर सामने से सफाई करवाया इसके साथ ही वही खाली पड़े प्लांट में उगी झाडिय़ां व गंदगी को देखकर प्लांट के मालिक को नोटिस देने की भी बात कही।

नगर के टैगोर वार्ड राजपूत कॉलोनी में पक्की सडक़ और पक्की नाली का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन घरों से निकलने वाला गंदा पानी सुचारू रूप से आगे बह नहीं पा रहा है, जिसके चलते लगभग 6-7 दिन से यहां रह रहे लोगों के घरों के सामने की नाली में गंदा पानी बड़ी मात्रा में भर गया। पानी आगे नहीं बहने से लोग परेशान हुए। इस मामले की शिकायत उन्होंने नगर पालिका अधिकारी, वार्ड पार्षद साक्षी डागोरिया से की।

सीएमओ ने नाली में भरे पानी की निकासी के लिए सफाई कर्मचारियों का जहां निर्देश दिए वहीं वार्ड पार्षद से चर्चा कर उक्त स्थान पर पुलिया बनाए जाने की बात कही। वहीं पार्षद ने अवगत कराया की पुलिया बनाए जाने के लिए नपा के पास इस वार्ड के लिए राशि भी है। जिस राशि से यहां पुलिया बनाई जा सकती है।

इसके साथ ही वही समीप ही स्थित कई सालों से खाली पड़े प्लाट में बड़ी संख्या में गंदगी का ढेर और झाड़ी उगी देख सीएमओ ने इस मामले में प्लांट मालिक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए।

### 13 प्रतिष्ठान हुये सील

गौरतलब है कि हाल ही में सीएमओ दिशा डेहरिया ने बुधवार को 31 मार्च से पहले दुकानदारों पर कई वर्षों का बकाया लीज किराया वसूलने नगर पालिका ने शक्ति दिखाई। जिसके चलते अलग-अलग कॉम्प्लेक्स में हजारों रुपए का बकाया लीज किराया भुगतान नहीं करने पर नगर पालिका के अमले ने 26 मार्च बुधवार सुबह 13 प्रतिष्ठान पर सील लगाते हुए ताला जड़ दिया था। नगर पालिका की इस कार्यवाही से दुकानदारों में हडक़ंप मच गया। वर्षों से लीज किराया भुगतान नहीं करने वाले 13 में से कई दुकानदारों ने बकाया राशि तत्काल नगर पालिका के राजस्व में जमा भी करवा दी।

### 250 दुकानों पर लाखों रुपए का लीज किरायाबकाया

सीएमओ दिशा डेहरिया के आदेश पर संबंधित दुकानों की ताला व सील खोल दी गई। जानकारी के अनुसार लगभग 250 दुकानों पर लाखों रुपए का लीज किरायाबकाया है। जिसकी वसूली करने नगर पालिका की कार्रवाई इसी तरह आगे जारी रहेगी। लीज किराया का बकाया भुगतान करने नपा कार्यालय के सामने स्थित कंपलेक्स, सदर कंपलेक्स, बुधवारी तालाब सब्जी मंडी कॉम्प्लेक्स, दलसागर गुमठी, शंकर मढिय़ा बुधवारी बाजार कॉम्प्लेक्स, न्यू बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स आदि क्षेत्र के 250 दुकानदारों को नोटिस दिए गए हैं। जिनमें अधिकांश नोटिस का जवाब देने की समय अवधि भी समाप्त हो चुकी है। गौरतलब है कि शुक्रवारी बाजार सदर कॉम्प्लेक्स, डूंडासिवनी कॉम्प्लेक्स, भैरोगंज मिडिल स्कूल कॉम्प्लेक्स, शंकर मढिय़ा, मटन मार्केट, पुरानी थोक सब्जी मंडी कॉम्प्लेक्स के अलावा चावल मंडी व बुधवारी क्षेत्र में नपा स्वामित्व की 1019 दुकान व भूखंड है।

# इंदिरा गांधी जिला अस्पताल के हाल हुये बेहाल, खुद हुआ बीमार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के नए आईसीयू वार्ड में अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को यहां भर्ती किया जाता है और उनसे शुल्क भी वसूला जाता है।**



ऐसे आईसीयू वार्ड में एक कई महीनो से बंद पड़ा हुआ है जिसके कारण गर्मी में मरीज और मरीज के परिजन खासे परेशान हो रहे हैं उक्त वार्ड भी चारों तरफ से पैक है जिसके कारण गर्मी और भी यादा लग रही है हालत यह हैं कि भर्ती मरीज को गर्मी से बचने के लिए उनके परिजन रुमाल टॉवल से हवा कर रहे हैं। वहीं करोड़ों रुपए खर्च कर अस्पताल की बिल्डिंग चकाचक है। लेकिन स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं, बीमार अस्पताल में मरीज हलाकान हैं, अधिकारी बेसुध हो मालामाल हो रहे हैं। कई स्वास्थ्य कर्मचारि काम न कर पहलवान बने हैं।

बुधवार को दोपहर यहां एक मरीज केवलारी डोकररांझी निवासी कमलेश मिश्रा को भर्ती किया गया। मरीज के परिजनों ने बताया कि नए आईसीयू वार्ड में लगा एयरकंडीशन एसी बंद है। जिसके कारण मरीज ही नहीं उनके परिजन भी खासे परेशान है।

इस मामले में वार्डबाय ने अपना नाम ना बताने की शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि एक एसी खराब है। जिससे पानी आता है। इस मामले में उक्त् रृष्ट के विषय में 1 साल से रिटर्न लिखित शिकायत की जा रही है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यहां के हालात ऐसे हैं कि आईसीयू वार्ड में टॉवल, रुमाल से परिजन अपने मरीज को हवा कर रहे हैं। लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके जिला अस्पताल में नित नए बिल्डिंग, कमरे व वार्ड का निर्माण किया जा रहा है। रंगाई पुताई में खर्च किया जा रहा है लेकिन मरीज का संबंध उसके उपचार और डॉक्टर से होता है इसके चलते यहां मरीज को ना स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं और ना ही उपचार। वही इस मामले में परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड में डॉक्टरों की मौजूदगी भी बहुत कम रहती है। सारा काम आउटसोर्स के स्वाथ्य कर्मचारी, वार्ड बॉय ही करते नजर आते हैं गंभीर रूप से बीमार मरीज एक तो अपनी बीमारी से परेशान है वही आईसीयू वार्ड में अत्यधिक गर्मी होने के कारण मरीज की स्थिति और भी बिगड़ रही है। ऐसे में किसी मरीज की जान चली जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? इस विषय में भी स्वास्थ्य अधिकारी ने अपनी चुप्पी साध रखी है।

# भैरोगंज में नवीन शराब की दुकान खोले जाने को लेकर जन समुदाय में भारी आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज में नवीन शराब की दुकान खुलाना प्रस्तावित है, यहाँ शराब की दुकान खुलने की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय जन समुदाय में भारी आक्रोश का वातावरण निर्मित हो गया। क्षेत्रीय व्यक्तियों ने बुधवार को आबकारी कार्यालय पहुंचकर शराब दुकान खुलने का विरोध जताया और अपनी अपत्ति दर्ज कराते हुये शराब दुकान खुलने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। आबकारी अधिकारी को दिये गये ज्ञापन में क्षेत्रीय जनों ने उल्लेख किया है कि यह क्षेत्र सनातनी परंपरा को मानने वाला बहुत ही धार्मिक क्षेत्र है तथा शहर की बड़ी प्रतिष्ठित और पुराने शासकीयय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थान है, जहाँ विद्यार्थी वर्ग अध्ययन के साथ साथ इसी क्षेत्र में निवास भी करते है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासन की महत्वाकांक्षी शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करने वाले शैक्षणिक संस्थान जैसे उत्कृष्ट विद्यालय, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय, प्रधानमंत्री एक्सीलेंश कालेज, सहित अन्य गौरवशाली निजी शैक्षणिक संस्थान इस क्षेत्र में स्थापित होने के साथ फॉरेस्ट ऑफिस, स्ओडियम, पुलिस लाईन, पुलिस ग्रांउड एवं अन्य सरकारी विभाग के कार्यालय संचालित है।

क्षत्र वासियों ने कहा कि इसके साथ ही इस क्षेत्र में व्यापक आस्था से जुडे मंदिर जैसे महामाया मंदिर, ज्वाला देवी मंदिर, काली माता मंदिर, सिंधी कैंप वाली माताजी श्री हनुमान मंदिर, श्री राममंदिर, श्री भैरवनाथ मंदिर, श्री गणेश मंदिर, श्री हनुमान व्यायाम शाला, जैन मंदिर जैसे सिद्ध देवी देवताओं के स्थल होने के कारण सिवनी नगर एवं जिले वासियो का आकर्षण एवं आवागमन को केन्द्र बना हुआ रहता है, और जहां तक रहा सनातन ₹ कार्य में हमारे भैरव अष्टमी का भंडारा जिसमें भैरोगंज ही नहीं नगर के अन्य लोग भी तन मन धन से सहयोग करते है जिसके कारण यह भंडारा (भैरव अष्टमी) जिले का सबसे बड़ा भंडारा कहलाता है, हमारे भैरोगंज में हर मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान मंदिरो में श्री हनुमान चालीसा सुंदरकाड होते ही रहते है और साथ ही साथ काली मंदिर में भी सुंदरकाड होते है ज्वाला देवी मंदिर समिति हाल में ही अपना 81 वा सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ संपूर्ण किया है जो निरंतर जारी है।

इस क्षेत्र के बड़े जनसमुदाय ने चिंता व्यक्त करते हुये कहा है कि यदि शराब की दुकान खुलती है तो दिन प्रतिदिन विवाद लड़ाई झगड़ा एवं छेडकानी जैसी स्थिति निर्मित हो जाएँगी क्योकि भैरोगंज क्षेत्र में विभिन्न ग्रामीणअंचल की छात्र-छात्राएँ किराये से निवास करते हुए अध्ययन कार्य कर रही है वर्तमान में क्षेत्र में शांति की स्थिति है यदि शराब की दुकान स्थित होती है तो क्षेत्र की अशांति भंग हो जायेगी तथा अध्ययनरत विद्यार्थी वर्ग नशे की ओर आकर्षित होगा जो बेहद घातक होगा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रशासन यदि जनभावनाओं के विपरीत निर्णय लेकर शराब दुकान खोलने की अनुमति देता है तो क्षेत्रवासी मजबूरन उग्र आंदोलन करेंगे।

# जैतपुर कला और डूंगरिया ग्राम में आग लगने से गेहूं के फसल का मुआवजा शीघ्र दिया जावे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में ग्राम जैतपुर कला एवं करोई तहसील के ग्राम डूंगरिया में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से करीब 100 एकड़ गेहूं की फसल में आग लगने से किसानों को बहुत नुकसान हुआ है और वह अपने भविष्य को लेकर बहुत चिंतित हैं गर्मी के दिनों में अक्सर कर महुआ झाड़ के नीचे आग लगाकर सफाई करने तथा खेत में नरवाई जलाने से आग लग जाती है इस पर किसानों को सावधानी बरतनी चाहिए अन्यथा किसानों का ऐसे ही नुकसान होता रहेगा गेहूं की फसल में आग लगने से लाखों रूपों का नुकसान हो चुका है। अतः अखिल भारतीय किसान सभा के कामरेड डीडी वासनिक डॉ बी सी ओके ओम प्रकाश बोर्ड अंगद सिंह बघेल हरिराम बघेल पवन कुमार सनोदिया समद खान संजू डेहरिया पुनाराम कुमरे परमहंस हिरकन तीरथ प्रसाद गजभिए अशोक साहू आदि ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्वीकृति शीघ्र सर्वे कराकर तथा मुआवजे की राशि शीघ्रता से निश्चित कर गेहूं की फसल जलकर राख होने से वितरित की जावे जिससे किसानों को राहत मिल सके।

## बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन धीमा, शिक्षकों की कमी बड़ी वजह

# एक लाख में से 41 हजार कॉपियां जांचीं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के उत्कृष्ट विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। 15 मार्च से शुरू हुए मूल्यांकन में अब तक एक लाख 9 हजार 420 में से केवल 41 हजार 743 कॉपियों का मूल्यांकन हो पाया है।

मूल्यांकन की धीमी गति का मुख्य कारण हिंदी और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों की कमी है। केंद्र प्रभारी शरद ज्योतिषी के अनुसार, ब्रिज कोर्स के कारण कई प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ता स्कूलों से कार्यमुक्त नहीं हो पाए हैं। इस समस्या के समाधान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों को पत्र लिखकर मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को उत्कृष्ट विद्यालय में पिछले प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। बोर्ड के निर्देशानुसार केवल प्रशिक्षित शिक्षक ही मूल्यांकन कर सकते हैं। नए शिक्षकों के जुड़ने से मूल्यांकन की गति बढ़ने की उम्मीद है।

मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी गोपनीयता के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हो रही है। भोपाल बोर्ड से इसकी सीधी मॉनिटरिंग की जा रही है। कॉपियों की जांच रोल नंबर के बजाय बारकोड के आधार पर की जा रही है और अंक सीधे बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। 31 मार्च से मूल्यांकन का तीसरा चरण शुरू होगा, जिसमें हजारों और उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी जाएंगी।



### इन पेपरों के मूल्यांकन में इतने मूल्यांकनकर्ता

उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा दसवीं के विषय हिन्दी, अंग्रेजी संस्कृत के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा आईटी, ब्यूटी वेलनेस और एग्रीकल्चर विषय के कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 99 मूल्यांकनकर्ता लगाए गए है। कक्षा दसवीं की जिले में 59099 कॉपियों को मूल्यांकन के लिए भेजा गया है, जिसमें 27 मार्च तक 18018 कॉपियों का मूल्यांकन हो पाया है, जबकि बारहवीं के विषय हिन्दी, अंग्रेजी, पशुपालन, अर्थशास्त्र, भूगोल, जीव विज्ञान और भौतिकी विषय के मूल्यांकन के लिए 126 मूल्यांकनकर्ताओं को लगाया गया है, जिन्होंने अब तक 23775 कॉपियों का मूल्यांकन किया है।

## युवती की आत्महत्या में कोचिंग-संचालक को 5 साल की सजा

### शादी का झांसा देकर साथ रखा था; बालाघाट कोर्ट ने 7 साल बाद सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की अदालत ने एक युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में 34 वर्षीय कोचिंग संचालक को 5 साल की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश के.एस. बारिया की अदालत ने आरोपी पंकज डहरवाल को सश्रम कारावास के साथ 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक कपिल कुमार डहेरिया ने बताया कि वारासिवनी थाना क्षेत्र के मांझापुर निवासी पंकज के खिलाफ पहले युवती ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ रखा।



मृतका की मां की शिकायत के अनुसार, आरोपी लगातार उनकी बेटी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। इससे तंग आकर युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अपहरण और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया।

7 साल की कानूनी प्रक्रिया के बाद 27 मार्च को अदालत ने यह फैसला सुनाया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी मन ही मन युवती से बदला लेना चाहता था और इसी कारण उसे लगातार प्रताड़ित करता था।

## प्रबुद्ध ज्योति पूर्व माध्यमिक शाला हट्टा की छात्रा का नवोदय विद्यालय वारासिवनी में चयन

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम हट्टा स्थित स्वर्गीय टी. आर. रंगारे शिक्षण समिति द्वारा संचालित प्रबुद्ध ज्योति पूर्व माध्यमिक शाला हट्टा की छात्रा माही सोनी पिता श्री सुशील सोनी माता श्रीमती शारदा सोनी का नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। स्कूल के संचालक श्री देवानंद रंगारे सर एवं शाला के प्रधानाध्यापक श्री विकेश शेलवंते तथा स्कूल के शिक्षक शिक्षिका सुनीता मिश्रा ,किरण डोंगरे अर्चना पटले, दुर्गेश मचिच्छरके ,सचिन पटले, कृष्ण डोंगरे ,नीरज लिल्हारे, माया मेश्राम ,आलोचना भालाधारे आकाश आनंद ,क्षितिज आनंद, कृतिका खरे मनीषा बघेले, ललिता झल्पे, सोनाली कावडे, रिचा डाहटे



चहक रंगारे, प्रगति गजभिए ,दीपिका दीक्षित ,वर्षा बिसेन रोशनी घरडे,के द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर संस्था संचालक रंगारे सर द्वारा बताया गया कि शाला मे नवोदय विद्यालय परीक्षा की परीक्षा हेतु मार्गदर्शन दिया जाता है वह इस परीक्षा की तैयारी हेतु कक्षाओं का आयोजन किया जाता है ।शाला की छात्रा का चयन नवोदय विद्यालय वारासिवनी में होने ग्राम में हर्ष की लहर व्याप्त है।

## श्री राकेश गेडाम का निधन

**हट्टा।** ग्राम भालवा निवासी श्री राकेश पिता झनक लाल गेडाम ( वार्ड पंच) का आज दिनांक 27 /3 /2025 दोपहर 3:00 बजे गंभीर बीमारी के चलते 40 वर्ष की आयु मे निधन हो गया गया है जिनका अंतिम संस्कार कल दिनांक 28.3.25 को 12:00 बजे ग्राम भालवा में किया जाएगा । श्री राकेश गेडाम अपने पीछे एक पुत्र व पुत्री सहित एक भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए राकेश गेडाम एक समाज सेवक, मृदुभाषी, सरल हंसमुख व्यक्तित्व के आदमी थे। इनके निधन पर ग्राम भालवा सरपंच श्रीमती अल्केश्वरी अमृतलाल राहंगडाले ,उप सरपंच योगराज पटले ,सचिव लक्ष्मीचंद बाहें, सहायक सचिव दीपक जामरे, समस्त पंचगण व ग्रामीण जनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## 1 हजार रुपए की रिश्वत लेने पर गई नौकरी

### कटंगी तहसील के बाबू को कलेक्टर ने किया सेवा से बर्खास्त, आठ साल बाद आया फैसला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के कटंगी तहसील कार्यालय में एक हजार रुपए की रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। इस मामले में दोषी पाए गए सहायक ग्रेड-3 भगवती प्रसाद सोनेकर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

कलेक्टर मृणाल मीणा ने 26 मार्च बुधवार को देर शाम, मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश पर यह आदेश जारी किया। यह मामला 23 अप्रैल 2016 का है।



बाहकल निवासी राजकुमार की शिकायत पर लोकायुक्त जबलपुर पुलिस ने कार्रवाई की। सोनेकर को एक हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। बालाघाट न्यायालय के विशेष न्यायाधीश उत्तम कुमार डार्वी ने 28 दिसंबर 2024 को फैसला सुनाया।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सोनेकर को 4 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 2000 रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया गया। वर्तमान में वह जेल में बंद हैं। जिसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण अधिनियम के तहत उनके इस कृत्य को गंभीर कदाचरण माना गया।

यह कार्य सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियम-3 के उपनियम (1) और (3) का उल्लंघन था। इसी आधार पर कलेक्टर ने सोनेकर को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया है।

## बीएलओ के नेटवर्क को मजबूत करने के लिए बेहतर बीएलओ को विधानसभा स्तर पर मास्टर प्रशिक्षक बनाया जाएगा

**बालाघाट।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा गुरुवार को निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में बीएलओ के पहली बार हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अगले कुछ वर्षों में औसतन 10 मतदान केंद्रों पर एक बीएलओ को शामिल करते हुए 1 लाख से अधिक बीएलओ को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित बीएलओ विधान सभा स्तर पर मास्टर प्रशिक्षकों (एएलएमटी) के एक ऐसे कोर का निर्माण करेंगे जिसमे देश भर में बीएलओ का संपूर्ण नेटवर्क मजबूत बनेगा। इस अवसर पर बताया गया कि प्रशिक्षण की यह योजना बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराने और निर्वाचक नामावलियों को त्रुटि-मुक्त करके अपडेट करने के लिए संगत फॉर्मों को भरने की अपेक्षाओं से उन्हें अवगत कराने के लिए बनाई गई है।

## 29-30 मार्च को चेट्रीचंड महोत्सव, झूलेलाल जयंती पर निकलेगी स्कूटर और बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सिंधी समाज इस वर्ष झूलेलाल सांई का 1075वां चेट्रीचंड महोत्सव मनाने जा रहा है। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में यह आयोजन दो दिवसीय होगा। 27 मार्च को पूज्य सिंधी पंचायत ने बैठक कर दोपहर डेढ़ बजे कार्यक्रम को लेकर मीडिया से चर्चा की।

पंचायत अध्यक्ष अमर मंगलानी के अनुसार, 29 मार्च को शाम 5 बजे सिंधु भवन से महिलाओं की स्कूटर रैली निकलेगी। रात्रि में सिंधु भवन में 'एक शाम झूलन के नाम' कार्यक्रम होगा। इसमें इंदौर और मुंबई के कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।



30 मार्च को सुबह 8:30 बजे पुरुषों की मोटरसाइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। सिंधी कॉलोनी में सुबह 10:30 बजे और सिंधु भवन के झूलेलाल मंदिर में 11:30 बजे विशेष पूजा होगी। इसमें झूलेलाल सांई का दूध और जल से अभिषेक, हवन और मोदक पूजा की जाएगी।

शाम 5:30 बजे सिंधु भवन से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। यह हनुमान चौक, सुभाष चौक और काली पुतली चौक होते हुए मोती तालाब पहुंचेगी। वहां भजन-कीर्तन के साथ मोदक विसर्जन किया जाएगा।

30 मार्च को सिंधी समाज के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। पूज्य सिंधी पंचायत ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा का बालाघाट महोत्सव 3 अप्रैल से

### फुड और मनोरंजन का होगा संगम, पहली बार मेकअप आर्टिस्टो को ब्लश इवेंट में मिलेगा मौका, रोटरी क्लब अध्यक्ष ने कहा बालाघाट हॉट छोटे उत्पादकों को देगा मेगा अवसर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** एक ही छत के नीचे फुड और मनोरंजन के साथ व्यवसायिक गतिविधियों तथा नई प्रतिभाओं को मौका देने आ रहा है बालाघाट महोत्सव। जिसमें ना केवल रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के सिग्नेचर इवेट बालाघाट गॉट टैलेंट और लिटिल चौंप का आयोजन होगा बल्कि दो नई प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। पहली बार रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा ने 9 अप्रैल को शिव तांडव और 10 अप्रैल को मेकअप आर्टिस्ट को मेगा मंच देने के लिए ब्लश द नेक्स्ट मेकअप स्टार का आयोजन किया है।



रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के आगामी 03 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित होने वाले बालाघाट महोत्सव को लेकर प्रेसवार्ता में अध्यक्ष रोटे. अखिल वैद्य ने बताया कि क्लब का बालाघाट महोत्सव मेला, प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत और जिले का सबसे बड़ा व्यापार और सांस्कृतिक मेला है, जो इस वर्ष उत्कृष्ट विद्यालय मैदान के डेढ़ लाख वर्गफीट में आयोजित किया जा रहा है। बालाघाट महोत्सव के माध्यम से क्लब, बालाघाट जैसे जिले में देश के बड़े महानगरों के उत्पादकों को आमंत्रित कर उत्पादों की विशाल श्रृंखला का निर्माण कर ग्राहक को सीधे वितक और निर्माता के साथ कनेक्ट करता है। यही नहीं बल्कि स्कूली विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए इंटर स्कूल काम्पीटिशन जैसी गतिविधियों का आयोजन कर उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोगी बनता है।

## स्वच्छता महाअभियान के तहत वार्डो में हो रही साफ-सफाई

### बालाघाट को स्वच्छता में नंबर वन बनाने सभी की सभागिता जरूरी-नपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज बालााघाट।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान के साथ ही विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाता है। सार्वजनिक स्थलों, उद्यान एवं वार्डो में सफाई मित्रों द्वारा नियमित साफ-सफाई की जाती है। नगर पालिका बालाघाट ने इसी को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता महाअभियान प्रारंभ किया है जिसके तहत शहर के सभी 33 वार्डो में प्रतिदिन साफ-सफाई की जायेगी। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने बालाघाट को हरा-भरा और स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिये नगरवासियों से सहभागिता की अपील की है। साथ ही नपाध्यक्ष ने व्यापारिक प्रतिष्ठान, होटल संचालकों से भी अनुरोध किया है कि दुकानों का कचरा नालियों में ना फेंके।



नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने बताया कि वार्डो में प्रतिदिन स्वच्छता वाहन पहुंचे और साफ-सफाई होती रही यह जवाबदेही स्वास्थ्य विभाग, सफाई मित्र तथा वार्डो के सुपरवाईजरों को सौंपी गई है जिनके द्वारा सफाई को लेकर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। फिर भी अगर वार्ड में स्वच्छता संबंधी शिकायतें होती है जिसे लेकर उक्त वार्ड पार्षद के माध्यम से नपा के विभाग में अथवा फोन कॉल करके सूचना दी जा सकती है ताकि त्वरित रूप से सफाई हो सके।

## किरनापुर में सामान्य प्रशासन समिति की हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर के सभा कक्ष में सामान्य प्रशासन विभाग की बैठक में सहभागिता कर बैठक में पूर्व में लिए गए प्रस्ताव की प्रगति और उन पर की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए ,इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले, योगराज भास्कर , मुकेश सिंह चौहान, मनीष भीमटे एवं समस्त जनपद सदस्य जनपद सीईओ मनीष शेण्डे जनपद स्तरीय समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा के दौरान क्षेत्र के विभाग को लेकर रचनात्मक और सार्थक चर्चा की गई।



## पत्रकारों का रंगोत्सवः संगठन के बंधनों से मुक्त, सौहार्द का संगम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के पत्रकार इस बार किसी संगठन के बैनर तले नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर रंगों की होली खेलेंगे। आज 28 मार्च शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे से 5:00 तक को मेंन रोड स्थित होटल हरिनंदा, बालाघाट में सामूहिक होली मिलन समारोह एवं रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक पत्रकार हिमांशु जैन की अगुवाई में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले भर के पत्रकार एकत्रित होकर रंगों का पर्व मनाएंगे। इस कार्यक्रम की खासियत यह होगी कि इसमें जिलेभर के राजनेता, साहित्यकार और प्रबुद्धजन भी शिरकत करेंगे, जिससे यह आयोजन पत्रकारों के आपसी मेल-मिलाप के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द को भी मजबूत करेगा। पत्रकारों द्वारा यह एक अनूठी मिसाल पेश की जा रही है जिसमें जिले के समस्त पत्रकार एक माला में दिखाई देंगे। इस अनूठी पहल से पत्रकारों के बीच आपसी संवाद और सहयोग को एक नया आयाम मिलेगा।रंग उत्सव कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने से पत्रकार जुटेंगे और रंगोत्सव के जरिए एक-दूसरे के रंग में रंगकर पारस्परिक संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे। आयोजन को लेकर पत्रकारों में जबरदस्त उत्साह है और इसे जिले के पत्रकारिता जगत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में देखा जा रहा है।




### स्वामी आदित्यदेव का हुआ प्रथम शुभागमन

## आज से 3 दिवसीय निश्शुल्क योग शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से संबद्ध स्वामी रामदेव महाराज के कृपा पात्र शिष्य एवं युवा भारत के केंद्रीय प्रभारी स्वामी आदित्य देव महाराज का आज 27 मार्च 2025 को वारासिवनी आगमन हुआ। योग साधकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वामी आदित्य देव स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित जिला योग प्रशिक्षण केंद्र में 28, 29 एवं 30 मार्च 2025 को आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय निः शुल्क इंटीग्रेटेड योग चिकित्सा विज्ञान एवं ध्यान शिविर में प्रातः साढ़े 5 बजे से साढ़े 7 बजे तक प्रतिदिन मार्गदर्शन एवं उद्बोधन देंगे। इसके साथ ही स्वामी आदित्य देव द्वारा लगातार 3 दिनों तक जिले के विभिन्न शिक्षण व अन्य संस्थाओं में प्रेरक उद्बोधन भी दिया जायेगा।

इस शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मोटापा, गैस, कब्ज, कमर दर्द, सर्वाइकल स्पोनॉडिलाइटिस, एलर्जी, दमा, माइग्रेन, डिप्रेशन, जोड़ों का दर्द आदि रोगों के निवारण से संबंधित योग अभ्यास कराया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, महिला पतंजलि योग समिति, किसान सेवा समिति ने नागरिकों से अपील की है।

योग शिक्षक भेजेन्द्र चौधरी ने बताया कि अज्ञान, अभाव, अपवित्रता, आलस्य, अविश्वास, निराशा आदि के कारण रोग, वियोग, नुकसान, अपमान एवं अन्य प्रतिकूलताओं के कारण हमारे शरीर, इंद्रियों व मन के स्तर पर कई प्रकार का गहरा तनाव, दुख व अशांति होती हैं। योग, आसन, ध्यान एवं प्राणायाम के माध्यम से हम इस तनाव, दुख, रोग से पूर्णतः मुक्त हो सकते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर वारासिवनी में युवा भारत के तत्वावधान में यह निः शुल्क योग शिविर आयोजित किया जा रहा है।



स्वामी आदित्य देव के आगमन के बाद शाम को एक बाईक रैली निकाली गई। यह रैली लालबर्रा मार्ग से जय स्तम्भ चौक, नेहरु चौक, आंबेडकर चौक, गोलीबारी चौक, चन्द्रश्वेर मंदिर से वापस होकर नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड होते हुए सिद्धि विनायक मंदिर होकर शासकीय टिहलीबाई माध्यमिक शाला भवन के परिसर में पहुँची।

## राष्ट्रीय योजना शिविर लोहारा में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय योजना शिविर ग्राम लोहारा में शासकीय बालक उच्च. माध्य. विद्यालय हट्टा के स्वयंसेवकों द्वारा कई जनोपयोगी कार्य किए जा रहें हैं। जिसमें 24 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित शिविर में 25 मार्च को डिजीटल साक्षरता पर बौद्धिक चर्चा के अंतर्गत इसके महत्व, उपयोग एवं सावधानी पर महत्वपूर्ण बिन्दु पर चर्चा की गई। वहीं ग्राम पंचायत लोहारा के एनएसएस शिविर में उत्तम चपन श्रेष्ठ कैरियर के अंतर्गत बाबूलाल डोंगरे द्वारा कला संकाय के विभिन्न कैरियर के अवसर जैसे संगीत व नृत्य के क्षेत्र में , यूपीएससी,पीएससी, एसएससी व अन्य परिक्षाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। तथा शिविर में उपस्थित श्रीमती एस.भालाधारे, श्रीमती डी.पारधी, स्वाती लिल्हारे द्वारा कृषि के क्षेत्र में, वाणिज्य के क्षेत्र में, पर्यटन के क्षेत्र में, न्यायिक के क्षेत्र में विस्तार से जानकारी दी गई। एनएसएस शिविर में 26 मार्च को जिला स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हट्टा से डॉ दिक्षा धुर्वे, सीएचओ मीनाक्षी बनोटे, एएनएम सविता राणा इनके द्वारा समस्त शिविरार्थी एवं उपस्थित ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई। वहीं परियोजना कार्य के अंतर्गत शालेय प्रांगण की साफ-सफाई, रंग, पुताई का कार्य किया गया। शिविर में प्रतिदिन जनजागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं 27 मार्च दिन गुरूवार को जिला क्षय केन्द्र बालाघाट से डॉ हेमन्त कुमार माहौर, उमाकांत मरठे, प्रोग्राम कार्डीनेटर त्रिलोक पारधी, राजेश पांचे, शिविर में उपस्थित होकर क्षय रोग संबंधित जानकारी दी गई। शिविर का संचालन श्रीमती रेखा वानखेड़े, प्राचार्य शासकीय बालक उच्च.माध्य.विद्या. हट्टा के मार्गदर्शन में किया गया एवं भारती महाजन उच्च शिक्षिका, आशीष कुराहे उच्च शिक्षक एवं अनीता नगपुरे के विशेष सहयोग से शिविर संचालन किया जा रहा हैं। शिविरार्थी चंद्रप्रकाश बिसेन, भावेश सोनकुसरे, क्रिस्टी पिछोड़े, नेहा बिसेन, मुकेश देशमुख का शिविर में सराहनीय भूमिका रहीं।

